THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI BRIJ LAL VERMA): (a) No authorisations for supply of cement were issued on Jaipur Udyog Ltd. Jaipur during January 1971, by Regional Cement Officer, Bombay.

(b) Does not arise.

(c) to (e). M/s. Patel Tiles & Marbles (P) Ltd., Bombay were issued authorisations for a quantity of 72 metric tonnes in January, 1975 and another authorisation for 48 metric tonnes in March, 1975 on M/s. Jaipur Udyog Ltd., Swaimadhopur. Due to certain difficulties faced by the management including less production, closure of the cement factory etc., M/s. Jaipur Udyog Ltd. could not supply cement to this party. On receipt of a complaint in this regard from the party, the authorisations issued on M/s. Jaipur Udyog Ltd. were cancelled and fresh authorisations for 120 metric tonnes were issued on M/s. A.C.C. Wadi Wadi Cement factory.

**वार्षिक विकास दर**

2097. **श्री फूलचन्द वर्मा** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1976-77 में वार्षिक विकास की दर क्या थी ; और

(ख) चालू और आगामी वर्ष के दौरान यह विकास की दर कितनी होने की संभावना है ?

**प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : (क) 1976-77 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद की विकास दर 1.5 से 2.0 प्रतिशत के बीच होने की संभावना है ।

(ख) अनुमान अभी तक उपलब्ध नहीं हैं ।

**दामोदर घाटी परियोजना**

2098. **श्री रामानन्द तिवारी** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दामोदर घाटी परियोजना के अन्तर्गत बिहार के पानी का उपयोग सिंचाई एवं बिजली के उत्पादन के लिए होता है परन्तु इसका सर्वाधिक लाभ पश्चिम बंगाल को ही मिलता है ;

(ख) क्या सरकार का विचार इस विषमता को दूर करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन)** : (क) से (ग) दामोदर घाटी परियोजना के अन्तर्गत दामोदर नदी के जल का उपयोग सिंचाई, विद्युत-उत्पादन तथा औद्योगिक प्रयोजनों के लिए किया जाता है तथा जिस सीमा तक व्यवहार्य है उस सीमा तक बिहार और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों को इससे लाभ मिलता है । दामोदर नदी के जल का उपयोग करने के लिए बिहार सरकार की ओर से दो सिंचाई स्कीमों का प्रस्ताव है, नामशः निलैया व्यपवर्तन स्कीम तथा कोनार व्यपवर्तन स्कीम । बिहार तथा पश्चिम बंगाल सरकारों एवं दामोदर घाटी निगम द्वारा इन प्रस्तावों की जांच की जानी है तथा इन पर विचार किया जाना है ।

**तटीय राजपथों का निर्माण और उनकी लम्बाई**

2099. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में केन्द्रीय सहायता के साथ निर्माण किए गए तटीय राजपथों की कुल लम्बाई क्या है ;